भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 595
उत्तर देने की तारीख: 06.02.2024

'स्माइल' योजना

595. डॉ. जयंत कुमार राय:

क्या सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने गरीबी और भिक्षावृत्ति की मौजूदा समस्या के समाधान के लिए 'स्माइल' (आजीविका और उद्यम के लिए सीमांत व्यक्तियों का समर्थन) नामक एक योजना तैयार की है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और राज्य-वार कितनी निधि स्वीकृत की गई है;
(ग) क्या सरकार ने "स्माइल -75 पहल" के तहत भीख मांगने वाले व्यक्तियों के पुनर्वास को लागू करने के लिए पचहत्तर नगर निगमों की पहचान की है;
(घ) यदि हां, तो इन नगर निगमों का राज्य-वार विस्तृत नाम क्या है; और
(ङ.) सरकार द्वारा देश में भिक्षावृत्ति उन्मूलन और भिखारियों के पुनर्वास के लिए अन्य क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री
(श्री ए. नारायणस्वामी)

(क) से (घ): मंत्रालय ने दिनांक 12.02.2022 को एक अम्ब्रेला स्कीम "स्माइल- आजीविका और उद्यम हेतु लाभवंचित व्यक्तियों की सहायता" आरंभ की है। इस स्कीम में – "भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों के व्यापक पुर्नवास हेतु केन्द्रीय क्षेत्र स्कीम" नामक उप-स्कीम शामिल है। इस उप-स्कीम के लिए वित्तीय वर्ष 2025-2026 तक का कुल बजट आवंटन 100 करोड़ रुपए है, जिसमें से 10 करोड़ रुपए वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए उद्दिष्ट किए गए हैं। चूंकि यह स्कीम केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम है अतः इस स्कीम में राज्य-वार निधियां आवंटित नहीं की जाती हैं तथा स्कीम के दिशा-निर्देशों के अनुसार चिन्हित शहरों को सीधे ही निधियां जारी की जाती हैं। प्रारंभ में इस स्कीम को 30 शहरों में कार्यान्वित करने का निर्णय लिया गया है, जो पर्यटन, ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के स्थान हैं। इन शहरों की सूची **अनुबंध** में दी गई है।

(ङ): मंत्रालय ने स्कीम संबंधी जानकारी के लिए जागरूकता सृजन, शिक्षा, क्षमता निर्माण, परामर्श/संगोष्ठियों तथा राष्ट्रीय सम्मेलन के रूप में मीडिया अभियान/आईईसी जैसे विभिन्न कदम उठाए हैं। इसके अतिरिक्त, मंत्रालय ने सर्वेक्षण और पहचान करने तथा भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों के पुनर्वास की व्यवस्था करने के लिए एक ऑनलाइन-पोर्टल, राष्ट्रीय पोर्टल और मोबाइल एप भी विकसित किया है।

*****

अनुबंध

वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान 30 शहरों में स्माइल स्कीम का कार्यान्वयन

क्र .सं.	राज्य/संघ राज्य	शहर का नाम	ज़िला
1.	असम	गुवाहाटी	गुवाहाटी
2.	गुजरात	पावागढ़ महाकाली	पंचमहल
3.	गुजरात	सोमनाथ	गिर सोमनाथ
4.	हिमाचल प्रदेश	कांगड़ा	कांगड़ा
5.	मध्य प्रदेश	ओंकारेश्वर	ओंकारेश्वर
6.	मध्य प्रदेश	उज्जैन	उज्जैन
7.	महाराष्ट्र	त्र्यंबकेश्वर	नासिक
8.	बिहार	बोधगया	गया
9.	तमिलनाडु	मदुरै	मदुरै
10.	उत्तर प्रदेश	अयोध्या	अयोध्या
11.	आंध्र प्रदेश	विजयवाड़ा	विजयवाड़ा
12.	अरुणाचल प्रदेश	नामसाई	नामसाई
13.	उत्तर प्रदेश	कुशीनगर	कुशीनगर
14.	गुजरात	केवड़िया	नर्मदा
15.	जम्मू और कश्मीर	श्रीनगर	श्रीनगर
16.	मध्य प्रदेश	सांची	रायसेन
17.	मध्य प्रदेश	खजुराहो	खजुराहो
18.	राजस्थान	जैसलमेर	जैसलमेर
19.	केरल	तिरुवनंतपुरम	तिरुवनंतपुरम
20.	पुदुचेरी	पुदुचेरी	पुदुचेरी
21.	असम	तेजपुर	तेजपुर
22.	हिमाचल प्रदेश	शिमला	शिमला
23.	हरियाणा	पंचकुला	पंचकुला
24.	कर्नाटक	मैसूर	मैसूर
25.	केरल	कोझिकोड	कोझिकोड
26.	मध्य प्रदेश	इंदौर	इंदौर
27.	ओडिशा	कटक	कटक
28.	तेलंगाना	वारंगल	वारंगल
29.	पंजाब	अमृतसर	अमृतसर
30.	राजस्थान	उदयपुर	उदयपुर

*****